Regarding various trains facility for residents of Lakimpur

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर (खीरी) **:** माननीय सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान अति-महत्वपूर्ण विषय लखीमपुर रेलवे स्टेशन से देश के अन्य महत्वपूर्ण शहरों के रेलवे स्टेशनों तक बड़ी रेल लाइन पर ट्रेनों के परिचालन की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

महोदया, यहां से व्यापार के लिए, चिकित्सा के लिए, शिक्षा के लिए व रोजगार के लिए रेलवे की ओर लोग बरसों से आस लगाए हुए हैं । इतना सबकुछ होने के बाद भी गोला गोकर्णनाथ, मैलानी, पीलीभीत, बरेली से होकर दिल्ली जाने वाली ट्रेनें और लखनऊ से हरिद्वार, आगरा, पंजाब, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र वाया लखीमपुर आवागमन के लिए कोई ट्रेन नहीं है । वाया लखीमुपर होते हुए, दक्षिण और पूर्व के राज्यों के बड़े शहरों में जाने के लिए ट्रेन नहीं है ।अत:, सभापति महोदया, मैं माननीय रेल मंत्री और भारत सरकार से जनहित में आग्रह करता हूं कि उपरोक्त वर्णित स्थलों के लिए वाया लखीमपुर होते हुए यथाशीघ्र ट्रेनों के परिचालन का कार्य शुरू कराया जाए । इससे लखीमपुर जनपद वासियों को व अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य, व्यापार, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में काफी लाभ मिलेगा और सरकार को राजस्व की प्राप्ति भी होगी । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, श्री राहुल सिंह लोधी ? उपस्थित नहीं ।

माननीय सदस्य, एडवोकेट फ्रांसिस जॉर्ज ? उपस्थित नहीं ।